रेरा ने शीर्ष दस परियोजनाओं व प्रमोटरों की रैंकिंग की जारी

- बिहार रेरा अध्यक्ष ने कहा – यह परियोजनाओं और प्रोमोटर्स की परफॉर्मेंस रिपोर्ट आम जनता को बताने का प्रयास है

संवाददाता, पटना.

रेरा बिहार ने नयी पहल करते हुए सोमवार को रजिस्टर्ड शीर्ष दस परियोजनाओं और प्रोमोटरों की रैंकिंग जारी की. भावी घर या प्लॉट खरीदार इन परियोजनाओं और प्रोमोटरों की रैंकिंग प्राधिकरण की वेबसाइट https://rera.bihar.gov.in पर देख सकते हैं. रैंकिंग जारी करते हुए बिहार रेरा अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने कहा कि अभी हम दोनों श्रेणियों से शीर्ष दस की सूची जारी कर रहे हैं. परियोजनाओं की रैंकिंग के संबंध में हमने भौतिक प्रगति, आवंटियों से एकत्र किये गये धन का उपयोग और परियोजना के प्रोमोटर के खिलाफ दायर शिकायतों और ऐसे अन्य मामलों जैसे कारकों को ध्यान में रखा है. रजिस्टर्ड प्रोमोटरों की रैंकिंग के संबंध में अनुभव, पंजीकृत परियोजनाओं की संख्या, परियोजनाओं के समय पर पूरा होने और कानूनी मामलों आदि जैसे कारकों को ध्यान में रखा गया है. रैंकिंग गतिशील रहेगी और पंजीकृत परियोजनाओं के प्रमोटरों द्वारा किये गये अनुपालन के आधार पर बदलती जायेगी. उन्होंने कहा कि रैंकिंग जारी करने का उद्देश्य चल रही निबंधित परियोजनाओं एवं उन प्रमोटर्स की परफॉर्मेंस रिपोर्ट आम जनता को बताना है. प्रोमोटरों और परियोजनाओं के प्रदर्शन को उद्देश्यपूर्ण और पारदर्शी तरीके से विश्लेषण करने का प्रयास किया गया है ताकि पूर्वाग्रहों की संभावनाओं को खारिज किया जा सके.